प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 04.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारी बारिश से प्रभावित छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की–कहा कि जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ के अतिरिक्त बल भेजे जाएंगे।

2–राज्यपाल ने महासमुंद जिले के गोड़बहाल गांव का दौरा किया–विद्यार्थियों और महिला स्व–सहायत समूह की सदस्यों से किया संवाद।

3– हज के लिए एक सप्ताह के भीतर सरकार आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी।

4–नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट–सीयूईटी दो हजार पच्चीस का परिणाम घोषित कर दिया है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मौसम**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर छत्तीसगढ सहित गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों से आज बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राज्यों में पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और भी अतिरिक्त बल भेजे जाएंगे। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

इस बीच, प्रदेश के उत्तरी भाग के कुछ जिलों में पिछले तीन–चार दिनों से हो रही बारिश के कारण सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। आज भी राजधानी रायपुर सहित अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। महासमुंद जिले के सरायपाली के रक्शा गांव में बने स्टॉप डैम के पास खड़ा एक युवक बारिश की वजह से जमीन धसकने से लापता हो गया है। चौबीस घंटे बाद भी युवक का पता नहीं चला है। एनडीआरएफ की टीम लगातार बचाव अभियान चला रही है। आशंका जताई जा रही है कि युवक मलबे में दबा हो सकता है। स्टॉप डेम के पानी को खाली कराया जा रहा है।

इधर, मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर, कोरबा और मुंगेली जिले में भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी देते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में मध्यम स्तर के फ्लैश फ्लर्ड–अचानक बाढ़ आने का खतरा बना हुआ है। वहीं, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ–बिलाईगढ़, सक्ती और जांजगीर तथा कबीरधाम जिले में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

**राज्यपाल–महासमुंद**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के गोड़बहाल गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इसके अलावा महिला स्व–सहायता समूह के सदस्यों से भी भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल ने विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने आकांक्षी विकासखंड के सभी संकेतकों को पूरा करने के निर्देश दिए।

**उपमुख्यमंत्री–सुकमा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज सुकमा जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस अवसर पर वे शाला प्रवेश उत्सव और चरणपादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्री शर्मा ने पुनर्वास केन्द्र पहुंचकर आत्मसमर्पित माओवादियों के साथ संवाद किया। इस केन्द्र में आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने सुकमा कलेक्टोरेट में बैठक लेकर नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा की।

**सीबीआई–एफआईआर**

मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए एक करोड़ बासठ लाख रूपए की रिश्वत देने के आरोप में रावतपुरा सरकार के नाम से प्रसिद्ध रविशंकर महाराज सहित कुल पैंतीस लोगों के खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में सीबीआई ने बीते एक जुलाई को रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में छापा मारा था। सीबीआई ने इस मामले में रायपुर से अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार डॉक्टर भी शामिल हैं।

इस बीच, सभी आरोपियों को सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें सात जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया है।

**हज यात्रा–आवेदन**

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एक सप्ताह में वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए हज आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। आज नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक के बाद श्री रिजिजू ने सभी आवेदकों से फॉर्म भरकर समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया। उन्होंने भारतीय हज कमेटी को समय सीमा से पहले सऊदी अरब सरकार को भुगतान जमा करने का निर्देश दिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों की देखभाल के लिए एक साथी का होना अनिवार्य है।

**बीजापुर–गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन**

बीजापुर जिले के तुमनार स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन में छियानवे प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने पर गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा है कि यह जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

**सीयूईटी–परिणाम**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट–सीयूईटी दो हजार पच्चीस का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

**दुर्घटना–मौत**

कोरबा जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नशे में धुत एक कार चालक ने दो मोटर साइकिल और एक साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**विषाक्त भोजन–मौत**

गौरेला पेण्ड्रा–मरवाही जिले के सेमरदर्री ग्राम पंचायत के भाठाटिकरा गांव में विषाक्त भोजन खाने से एक परिवार के चार सदस्य बीमार हो गए, जिनमें से एक युवती की इलाज के दौरान आज मौत हो गई। जबकि अन्य तीन लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**विशेष–प्लेसमेंट कैंप**

विशेष रोजगार कार्यालय दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन सात जुलाई को रायपुर के सड्डू स्थित शासकीय आईटीआई में किया जाएगा। इस संबंध में विशेष रोजगार अधिकारी डॉक्टर शारदा वर्मा ने जानकारी दी कि कैंप सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैंप में बीस विभिन्न निजी क्षेत्र की राइस मिल, पेट्रोल पम्प, स्पंज आयरन, वेयर हाऊस आदि प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अस्थिबाधित दिव्यांगजनों की भर्ती की जाएगी। इनका कार्यक्षेत्र उरला, सिलतरा और रायपुर शहर होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दिव्यांगजन कार्यालय के दूरभाष नंबर **शून्य सात–सात एक – चार शून्य चार चार शून्य आठ एक** पर संपर्क कर सकते हैं।

**मोहर्रम**

प्रदेश में छह जुलाई को मोहर्रम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इससे पहले, विभिन्न जगहों पर तकरीर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, कारीगर ताजिए को अंतिम रूप देने में लगे हैं। भिलाई के खुर्सीपार में दस दिवसीय शिया तकरीर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तकरीर कार्यक्रम के दौरान अंजुमन हुसैनिया कमेटी द्वारा समाज की होनहार बालिकाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। कमेटी के सदस्य कमालुद्दीन अशरफी ने बताया कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।

**जीआरपी–मोबाइल**

रायपुर की रेलवे पुलिस जीआरपी ने यात्रियों के चोरी हुए पचहत्तर मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है। इनकी कीमत करीब बीस लाख रूपए आंकी गई है। रेलवे पुलिस की टीम ने ये फोन छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा जैसे राज्यों से ढूंढ निकालें है। आज रायपुर के रेलवे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इन मोबाइलों को इनके मालिकों को लौटाया गया।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **जल संरक्षण और प्रबंधन पर भू–जल वैज्ञानिक विपिन दुबे** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल पांच जुलाई को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मुख्यमंत्री–शिप्रा पाठक मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली "वॉटर वुमन" के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधरोपण को जन–जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

**समाचार संक्षेप में ...**

**–nुर्ग जिले के सांकरा पाटन में स्थित म**gkRek xka/ी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय में बीएससी उद्यानिकी तथा वानिकी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन कल पांच जुलाई से शुरू होगा। प्रथम चरण की काउंसलिंग सोलह जुलाई को होगी।

–राजनांदगांव पुलिस ने शिक्षक के अपहरण और मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**